प्रधानमंत्री से पार्षद तक कोई देश बेच... पृष्ठ 2 | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


रविवार, 15 जून 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 235, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर जांच ही रोगों से बचाव का मूल मंत्र : मुख्यमंत्री साय

## मुख्यमंत्री साय भव्य नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में हुए शामिल: सिंधी समाज की सेवा भावना को मुख्यमंत्री ने सराहा



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि अच्छा स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी संपदा है। यदि हम संतुलित आहार लें, नियमित रूप से व्यायाम करें और समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच कराएं, तो अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। मुख्यमंत्री आज राजधानी रायपुर के केनाल रोड स्थित झूलेलाल धाम में आयोजित भव्य नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर को संबोधित कर रहे थे।

पूज्य बाबा गुरुदास राम साहेब जी की 94वीं जयंती के अवसर पर इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पूज्य शदाणी सेवा मंडल, पूज्य बाबा गरीबदास सेवा मंडल, पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत, भारतीय सिंधु सभा तथा पूज्य कंधकोट पंचायत द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने स्वास्थ्य जांच कराई और आयुष्मान कार्ड भी बनवाए। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज की अनियमित जीवनशैली, मिलावटी खानपान और प्रदूषित वातावरण के कारण बीपी और डायबिटीज जैसी बीमारियाँ अब आम हो चुकी हैं। यहां तक कि ग्रामीण क्षेत्रों के मेहनतकश लोग भी अब इन बीमारियों से अछूते नहीं हैं। ऐसे में इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन अत्यंत सराहनीय पहल है। मुख्यमंत्री श्री साय ने सिंधी समाज की सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह समाज प्रारंभ से ही सामाजिक सरोकारों में अग्रणी रहा है। उन्होंने स्मरण करते हुए कहा कि जब वे रायगढ़ से सांसद थे, तब से वे सिंधी समाज के विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होते रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य अपने रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है और इस अवधि में स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में चौतरफा विकास हुआ है। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिहाज से छत्तीसगढ़ आज मेडिकल हब के रूप में उभर रहा है। राज्य निर्माण के समय जहाँ केवल एक मेडिकल कॉलेज था, वहीं अब शासकीय एवं निजी क्षेत्र मिलाकर 15 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। निजी क्षेत्र में सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों की स्थापना भी हुई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पतालों की चिकित्सा व्यवस्थाएं सुदृढ़ हुई हैं। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भी प्रारंभ किए गए हैं।उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को बेहतर इलाज की सुविधा देने हेतु केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीबों को 5 लाख रुपये तक का नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही, 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को वय वंदन योजना के अंतर्गत इलाज हेतु 5 लाख रुपये तक की सहायता दी जा रही है। इसी प्रकार, राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के अंतर्गत गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए 25 से 30 लाख रुपये तक की सहायता प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री



स्वेच्छानुदान से भी पात्र मरीजों को आर्थिक सहायता दी जाती है। मुख्यमंत्री ने अंत में स्वास्थ्य शिविर के संयोजक श्री अमित चिमनानी एवं शिविर में सेवा प्रदान करने वाले डॉक्टरों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक श्री गुरु खुशवंत साहेब, धमतरी महापौर श्री रामू रोहरा, छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, कार्यक्रम संयोजक श्री अमित चिमनानी, भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष श्री लधाराम जी, छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष श्री महेश दरयानी सहित सिंधी समाज के सेवादार, विशेषज्ञ डॉक्टर एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

**बिना अनुमति 3 गांवों का पानी चुराने वाली फैक्ट्री का खुलासा**

# सत्ता-विपक्ष के गठजोड़ से चल रहा 'पानी घोटाला'!

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ के फुलझर



में न्यू लुक बायो फ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड नामक फैक्ट्री पर गंभीर आरोप लगे हैं। बिना किसी शासकीय अनुमति के यह फैक्ट्री तीन गांवों के जलाशयों का पानी अवैध रूप से अपनी यूनिट में खींच रही है। सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि इस अवैध कार्य में सत्ता पक्ष और विपक्ष के कुछ नेता भी शामिल हैं, जिन्होंने मोटी रकम लेकर फैक्ट्री को संरक्षण दिया है। पूर्व सरपंच कनक दुबे (मगरलोटा) ने इस घोटाले का भंडाफोड़ करने का ऐलान किया है। वे सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में फैक्ट्री के खिलाफ ठोस सबूत और एक ऑडियो टेप सामने लाने वाले हैं, जिसमें सोमनी थाना प्रभारी की संलिप्तता भी उजागर होगी। दुबे का कहना है कि इस मामले में पूर्व सरपंचों को भी जानबूझकर बदनाम किया जा रहा है। स्थानीय जनता और जनप्रतिनिधि अब इस गैरकानूनी जल दोहन और राजनीतिक संरक्षण के खिलाफ सड़कों पर उतरने की तैयारी में हैं। फैक्ट्री के खिलाफ विरोध की ज्वाला अब और तेज होने वालीहै।

# पानी बचाओ महा अभियान के लिए आज शहर में जल यात्रा

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में गांधी सभागृह में होगा जल यात्रा का समापन



**महापौर ने गायत्री मंदिर के पास से आयोजित जल यात्रा में शामिल होने नागरिको से की अपील**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पृथ्वी में हो रही जल की कमी को देखते हुए जिले में पानी बचाओ महा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कडी में कल दिनांक 15 जून 2025 रविवार को राजनांदगांव शहर में नगर निगम द्वारा जल यात्रा निकाली जायेगी। पूर्व में उक्त जल यात्रा 11 जून को आयोजित थी जो अपरिहार कारणो से स्थगित हो गयी थी। जो कल आयोजित की जा रही है। उक्त जल यात्रा पद्मश्री फुलबासन यादव के नेतृत्व में गायत्री मंदिर के पास से दोपहर 2:30 बजे निकलेगी यात्रा का समापन गांधी सभागृह मे होगा। समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह जी जल बचाओ अभियान में शामिल होगे। अभियान में सांसद श्री संतोष पाण्डे सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेगे।

कार्यक्रम के संबंध में महापौर श्री मधुसूदन यादव ने बताया कि पृथ्वी पर स्वच्छ ताजे पानी की मात्रा दिन-प्रतिदिन घटती ही जा रही है। पानी के कमी के कारण विश्व भर में सूखा, कई तरह की बीमारियां, प्राकृतिक प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याएं बढ़ती जा रही है, परन्तु इस विषय की सबसे दुखद बात यह है कि लोग अभी भी जल संरक्षण के महत्व को लेकर पूर्ण रुप से जागरुक नही हो रहे है। जिसे ध्यान मे रखकर जल संरक्षण के लिए लोगो में जागरूकता लाने जिले भर में पानी बचाओ महा अभियान चलाया जा रहा है। शहर के लोगो को अभियान से जोडने कल दिनांक 15 जून रविवार को दोपहर 2:30 बजे गायत्री मंदिर से जल यात्रा प्रारंभ होगी। यात्रा गायत्री मंदिर से भारत माता चौक, आजाद चौक, महाकाल चौक, जय स्तम्भ चौक होते हुए गांधी सभागृह पहुॅचेगी। महापौर श्री यादव ने बताया कि जल यात्रा पद्मश्री



फुलबासन यादव के नेतृत्व में महिला समूह की महिलाए कलश एवं जल के महत्व को बताते तक्ती लेकर नगरवासियों से जल बचाने एवं अभियान में जुडने अपील करेगे। उन्होंने कहा कि जल यात्रा के समापन अवसर पर 4 बजे गांधी सभागृह में विधानसभा अध्यक्ष एवं हमारे यशस्वी विधायक माननीय डॉ. रमन सिह तथा लोकप्रिय सांसद श्री संतोष पाण्डे जी सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगे। उन्होंने जल बचाओ महा अभियान में कल 15 जून को दोपहर 2:30 बजे गायत्री मंदिर के पास आयोजित जल यात्रा में पार्षदों, जनप्रतिनिधियो, गणमान्य नागरिकों, पत्रकार बंधुओ एवं महिलाओ से उपस्थिति की अपील की है।

# पर्यावरण की सुरक्षा करना हम सबका परम कर्तव्य है....

**धमतरी।** माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट धमतरी शाखा में जिलाध्यक्ष श्रीमति कमलेश गुप्ता के द्वारा अपनी



वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें अशोक का वृक्ष लगाया गया, सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने को कहा गया, पर्यावरण को स्वच्छ रखने की प्रेरणा दी गई एवम ट्रस्ट के कार्यों के बारे में बताया गया, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, जागरूकता अभियान, नि:शुल्क स्वास्थ शिविर ,शरबत वितरणआदि कई मध्यम से ट्रस्ट के द्वारा पर्यावरण सुरक्षा के लिए कार्य की जाती है। आज के इस कार्य में उपाध्यक्ष श्रीमती बसंती शर्मा, श्रीमति सुनैना मिश्रा,श्रीमति कमलिता साहू, पटेल मैडम, श्रीमती साहू मैडम ,श्रीमति सुनीति ध्रुव,सविता पटवा, पूनम तिवारी , राकेश मिश्रा, योगेश मुखर्जी ,हनी लक्ष्य, लकी,मेघा उपस्थित रहे,ट्रस्टी अध्यक्ष श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) ने इस पवित्र कार्य के लिए सबको साधुवाद दिए।

# जिला कलेक्टर के आदेश पर एसडीएम द्वारा धुँवाधार छापेमारी



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** जिला कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र धुर्वे के दिशा निर्देश पर डोंगरगढ़ एसडीएम मनोज मरकाम के नेतृत्व में राजस्व टीम के द्वारा क्षेत्र में धुआँधार छापेमारी कर कार्यवाही की जा रही है. जाँच के दौरान रेत से भरे वाहन व डंप किए गए रेत व बड़े पैमाने पर कहुआ अन्य प्रजाति के लकड़ी की जप्ती की कार्यवाही कर लकड़ी को वन विभाग के सुपुर्द किया गया है. प्राप्त समाचार में बताया गया कि एसडीएम श्री मरकाम शनिवार सुबह से ही विशेष अभियान चलाकर राजस्व टीम के दलबल के साथ जगह जगह पर छापामार कार्यवाही की गई इस दौरान रेत से भरे हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एन एच 2529 व हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 08 ए.सी. 6984 की जप्ती बनाकर पुलिस थाने के हवाले किया गया है तो दूसरी ओर सूचना मिलने पर नागतराई से जटकन्हार जाने वाले मार्ग पर बड़ी पुलिया के पास पड़े पैमाने पर डंप की हुई रेत की जप्ती बनाकर ग्राम कोटवार के हवाले किया गया है. उक्त रेत नागतराई निवासी किसी केशव वर्मा का बताया जा रहा था ? तो दूसरी ओर जाँचदल की टीम ने जामरी बड़े पुलिया के समीप बड़े पैमाने पर डंप किए गए वृक्षों के गोलो की जप्ती कर वन विभाग के हवाले किया गया है. उक्त लकड़ी जामरी निवासी किसी राकेश महिलांगे का बताया जा रहा था ? जाँचदल में प्रमुख रूप से नायब तहसीलदार सतपाल यादव, पटवारी पूनम लिल्हारे सहित राजस्व अमला उपस्थित थे।



# ज्योति कलश शोभायात्रा में दिखा धरती पर स्वर्ग का नजारा

## 300 ज्योति कलशों के साथ निकाली गई शोभा यात्रा







**राजनांदगांव (नांदगबांव टाइम्स)।** शहर के लालबाग सिंधु भवन हेमू कालाणी नगर में पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा आयोजित तीन दिवसीय झूलेलाल अमर कथा के आयोजन के बाद चौथे दिन पूर्णाहुति के रूप में पूर्व नियोजित कार्यक्रम 300 बहराणा साहेब (ज्योति प्रज्जवलित) कराई गई।

इसके अंतर्गत 300 भक्तों को स्टील के थाल में सजाकर दिया गया, जिसमें गेहूं के आटे से तैयार किया गया, एक मोदक स्वरूप, जिसमें गुड़ और घी मछलियों के लिए भोजन गेहूं के आटे से ही तैयार किया गया। पांच फल एक माला इस प्रकार एक साथ मंत्रोचार द्वारा सभी भक्तों से जोत प्रज्वलित कराई गई एवं जोत प्रज्जवलित करने के बाद महाआरती की गई। पल्लव साहब अर्पित किया गया अर्थात भगवान श्री झूलेलाल जी से सामूहिक प्रार्थना कराई गई, ताकि सभी सिंधियों के घर में खुशहाली रहे एवं कष्ट दूर हो। इस प्रकार जब थाल को सर में रखकर एक साथ 300 भक्त माता मंदिर लालबाग से निकलकर भ्रमण करते हुए झूलेलाल घाट के लिए प्रस्थान किया गया, तो नजारा देखकर हर कोई हैरान हो गया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पृथ्वी पर स्वर्ग उतरकर आया हो। झूलेलाल घाट में जल देवता वरुण देव की महाआरती सभी भक्तों ने मिलकर के की। भक्तों से प्रज्वलित ज्योति विसर्जित की गई। सभी कार्यक्रम संत शिरोमणि सांई लाल दास जी के सानिध्य में किया गया। यह जानकारी पूज्य सिंधी पंचायत के मीडिया प्रभारी, प्रवक्ता एवं पूर्व पार्षद अशोक पंजवानी ने दी।इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालाणी के अध्यक्ष मन्नूमल मोटवानी, आवतरात तेजवानी, गुरूमुख दास वाधवा, राजा माखीजा, भीमन धनवानी, दौलत राम चंदानी, हुंदल रात मनकानी, पूर्व पार्षद अशोक पंजवानी, हरीश मोटवानी, जयपाल मंगवानी, सुनील लेखवानी, चंदन रूचंदानी, संदीप सहेबानी, मुरली पंजवानी, कमल गंगवानी, कौशल शर्मा, पवन जेठानी, रोहित माखीजा, गौरव आहूजा, अखिल अंदानी, कन्हैया तलरेजा, अमित गिडवानी, सूरज पंजवानी, जय पंजवानी, तरूण आहूजा, राम रूचंदानी, विनय दरयानी आदि उपस्थित रहे।

# बीटी रोड निर्माण कार्य में धांधली का आरोप

**वार्ड पार्षद सहित वार्डवासियो ने की शिकायत.**

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** नगर के वार्ड नंबर 22 व 23 में बीटी रोड के निर्माण कार्य में धांधली का आरोप लगाते हुए नियमो की धज्जिया उड़ाते गुणवत्ताहीन रोड का निर्माण किए जाने की शिकायत सामने आई है. जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ के एक भाजपा नेता और ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे रोड डामरीकरण को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। वार्ड पार्षद ने स्वयं डामरीकरण का जायजा लेकर वीडियो के माध्यम से इस बात को सार्वजनिक किया है कि ठेकेदार द्वारा कितनी घटिया क्वालिटी का डामरीकरण कराया जा रहा है ? इसी तरह वार्ड नंबर 22 व 23 में भी डामरीकरण में गुणवत्ता को दरकिनार करने की बात सामने आ रही है। सूत्रों के अनुसार डामरीकरण ऐसा हो रहा है कि लात से मारने से ही डामर उखड़ रहा है। जहां पर कांक्रीटीकरण पहले से हुआ है, उन जगहों पर सिर्फ डामर की पतली परत बिछाकर उसे ढंकने का काम किया जा रहा है। बताया जाता है कि डामरीकरण की गुणवत्ता को देखने के लिए नगर पालिका के कोई अफसर या इंजीनियर भी मौके पर नहीं रहते, जिसके कारण ठेकेदार मनमानी कर रहा है। कुल मिलाकर अभी जो डामरीकरण हो रहा है, उसका आगामी बरसात के दिनों में उखड़ना अभी से तय माना जा रहा है।



# प्रधानमंत्री से पार्षद तक कोई देश बेच रहा है तो कोई रेत - कांग्रेस

## शराब, शिक्षा, तेंदूपत्ता, कोयला और रेत का बड़े पैमाने पर हो रहा है कारोबार



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौजे प्रेस को जारी अपने एक बयान में कहा है कि राज्य में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नीत भाजपा सरकार और केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत राजक सरकार सिर्फ और सिर्फ व्यापार चला रही है। उनके इस तरह व्यापारी बनने से व्यापारियों को सड़क पर आकर भीख मांगने की नौबत आ गई है। उन्होंने कहा कि सरकार हर योजना में जनहित नहीं देखते हुए अपना हित देख रही है। और वही प्रधानमंत्री से पार्षद तक कोई देश बेच रहा है तो कोई रेत बेंच रही है। दिल्ली से छत्तीसगढ़ राज्य संचालित हो रहा है और वही मोहड़ वार्ड क्रमांक 49 में अवैध रेत खनन में सोमनी के तिवारी परिवार का हाथ है जिसको लेकर अभी चर्चा सरगर्म और पूर्व मुख्यमंत्री विधायक वर्तमान छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह और पूर्व सांसद अभिषेक सिंह का इन्हें समर्थन है। अवैध रेत खनन में पहली बार ग्रामीणों पर लगातार तीन फायरिंग किया गया है। इतना बड़ा कांड होने के बाद मौजूदा उप मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और राजनांदगांव का प्रभारी होने के बावजूद विजय शर्मा झांकने तक का फुर्सत नहीं है। श्री कन्नौजे ने आगे कहा कि सरकार का काम दारू बेचना नहीं है लेकिन बेच रही है स्कूली शिक्षकों को युक्ति युक्तिकारण के नाम पर बेवजह परेशान कर रही है। जिससे लगभग 80 स्कूल बंद हो गया है। तेंदूपत्ता का व्यापार खुद सरकार कर रही है ऐसे में तेंदू पत्ता व्यापारियों की दुर्दशा होना स्वाभाविक है। वृक्षारोपण और सौंदर्य करण के नाम पर लाखों करोड़ों खर्च किए जाते हैं। लेकिन वास्तविक धरातल पर तस्वीर कुछ और है। देश की रक्षा के संवेदनशील मामले में भी भाजपा राजनीति कर रही है।

# छुरिया मे साहू भवन का लोकार्पण प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने किया



**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** तहसील साहू संघ छुरिया के नवनिर्मित साहू सदन का लोकार्पण व सम्मान समारोह 13 जून दिन शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहलसिंह साहू ने फीता काटकर साहू भवन का लोकार्पण किया। तत्पश्चात भक्त माता कर्मा के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलितकर पूजा अर्चना कर सामाजिक बंधुओ ने सामूहिक आरती किया। प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू ने तहसील साहू संघ अध्यक्ष भुनेश्वर प्रसाद साहू को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। तहसील अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू ने बताया कि यह भवन 19 लाख 60 हजार और छुरिया तहसील के प्रत्येक परिवार से 200 रु की आर्थिक सहयोग से नवनिर्मित हुआ है। इसके अलावा विशेष दानदाता अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू बोर खनन एवं पंप सेट, गुहा राम साहू आटरा 11111रुपए, कुमार साहू पांडेटोला 11101 रुपए, राजेश ज्वेलर्स गैदाटोला, 5100 रूपये, विष्णु साहू ठेकेदार गैदाटोला 5001, तहसीलदार छुरिया विजय साहू 5001रुपए का विशेष योगदान रहा। अध्यक्ष भुनेश्वर प्रसाद साहू ने आगे बताया कि तहसील साहू संघ का गठन 1995 में अविभाजित राजनांदगांव से पृथक होकर अस्तित्व में आया लेकिन 30 वर्षों तक समाज का कोई भवन नहीं था तहसील साहू संघ छुरिया के भुवनेश्वर प्रसाद साहू अध्यक्ष के अथक व परिश्रम रंग लाया और तत्कालीन पूर्व मुख्य मंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल के दौरान पिछड़ावर्ग प्राधिकरण से 19

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल से नवगठित छह जिलों में जिला पंचायत भवन निर्माण हेतु 12 करोड़ की स्वीकृति

पदमराज सिंह ठाकुर



**कबीरधाम/ रायपुर (नांदगांव टाइम्स)।** राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान नवगठित छह जिलों गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सक्ती एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ में जिला पंचायत भवनों के निर्माण के लिए 12 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति उपरांत यह राशि संबंधित जिलों को जारी की जाएगी। यह निर्णय उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की विशेष पहल और दूरदृष्टि का परिणाम है जिनकी प्राथमिकता रही है कि नवगठित जिलों को आवश्यक प्रशासनिक ढांचा शीघ्र उपलब्ध हो, जिससे स्थानीय जनसमस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि जिला पंचायत भवन न केवल प्रशासनिक संचालन का केंद्र होते हैं, बल्कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गति लाते हैं। इन छह नवगठित जिलों में पंचायत भवनों की स्थापना से स्थानीय प्रशासनिक तंत्र को मजबूती मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रो को विकास योजनाओं का लाभ सीधे एवं समयबद्ध रूप से मिलेगा।

## निधन

सोनराजजी गोलछा



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आजाद चौक निवासी सोनराज जी गोलछा का आज शाम रायपुर में निधन हो गया। वे 86 वर्ष के थे। वे वैल्यूवर एवं इंजीनियर धर्मचंद गोलछा, नरेंद्र, सीए राजेश गोलछा के पिता एवं संकेत, इंजीनियर अभिषेक, पार्श्व तथा गौरव गोलछा के दादा थे। इनकी अंतिम यात्रा 15 जून, रविवार को सुबह 11 बजे निवास स्थान से निकलेगी। अंतिम संस्कार लखोली मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** गोलबाजार और खमतराई थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार कुंदरापारा गुढ़ियारी निवासी मोहम्मद साहनवाज 32 वर्ष ने गोलबाजार थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमयू 5146 को रविभवन के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

# आज समाधि महोत्सव



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अत्यंत हर्ष का विषय है पूज्य साधिका मां धर्म श्री जी (श्री मति विमला बाई जी, अशोकनगर निवासी) (ब्रह्मचारिणी प्रीति दीदी अशोकनगर की पूज्य मां) का आचार्य गुरुवर श्री 108 विद्यासागर जी महाराज से 7 प्रतिमा के व्रत (2006) साथ एवं आचार्य गुरुवर श्री 108 समय सागर जी महाराज से 10 प्रतिमा के व्रत (2025) के साथ आज समाधि (आचार्य भगवन 108 श्री विद्यासागर जी महाराज की समाधि स्थली) चंद्रगिरी महातीर्थ डोंगरगढ़ में आर्यिका आदर्श मति माताजी के ससंघ सानिध्य में 6 निर्जल उपवास के साथ उत्कृष्ट संलेखना पूर्वक दोपहर 12 बजे समाधि मरण हुआ। डोला का समय - दोपहर 2:30, श्री चंद्रगिरी महातीर्थ क्षेत्र से मुक्तिधाम तक।

# मेघ मल्हार शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में शिवम राजपूत ने मारी बाजी प्रथम पुरस्कार से सम्मानित हुए

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम (नांदगांव टाइम्स)।** भिलाई में नृत्यधाम कला




समिति द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित मेघ मल्हार शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में शिवम ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अपनी मनमोहक कथक प्रस्तुति से शिवम ने न केवल निर्णायकों का मन मोहा, बल्कि उन्हें सीधे राष्ट्रीय शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता के लिए चयनित भी कर लिया गया है। शिवम राजपूत, ग्राम पंचायत सचिव विष्णु सिंह राजपूत एवं शिक्षिका शकुंतला राजपूत के सुपुत्र हैं। उन्होंने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से कथक में स्नातक की पढ़ाई पूरी की है और अब तक जिला व राज्य स्तर की अनेक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कई पुरस्कार अपने नाम किए हैं। इस बार उनका चयन प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो उनकी मेहनत, समर्पण और कला के प्रति लगाव को दर्शाता है। नृत्य के साथ-साथ शिवम मॉडलिंग के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। वे विभिन्न फैशन शो और शूट्स में भी शामिल होते हैं।

# रोजगार गारन्टी कार्यो का निरीक्षण किया एसडीएम ने

## रोजगार सहायक और तकनीकी सहायक मिले अनुपस्थित





**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** ज्ञात हो कि एसडीएम मनोज मरकाम अपने दलबल के साथ ग्राम पंचायत नागतराई में रोजगार गारन्टी योजना के तहत तालाब गहरीकरण का कार्य कराया जा रहा था और श्री मरकाम के द्वारा कार्यस्थल पर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि रोजगार गारन्टी के तहत जो मापदंड निर्धारित है उसके विरुद्ध मनमाने ढंग से गोदी की खुदाई करते पाया गया. चौकाने वाली बात यह थी कि जिस तालाब में गहरीकरण का कार्य किस प्रकार से मंजूर किया गया यह यक्ष प्रश्न बन गया है ? तालाब के अंदर बड़ी बड़ी चट्टान पत्थर से पटा पड़ा है ऐसे में मिट्टी गोदी की खुदाई संभव ही नहीं है ऐसे तालाब में रोजगार गारन्टी का कार्य स्वीकृत होना अपने आप में सवाल खड़ा कर रहा है. जाँच के दौरान देखा गया कि रोजगार सहायक व तकनीकी सहायक कार्यस्थल से लापता थे. ग्रामवासियो से पूछताछ करने पर बताया गया कि जिस दिन कार्य प्रारंभ हुवा है उसी दिन से दोनों जिम्मेदार कर्मचारी लापता है और रोजगार गारन्टी के कार्य को सरपंच प्रतिनिधि के हवाले कर दिया गया है. इससे साफ है कि तकनिकी सहायक, रोजगार सहायक, सरपंच, ग्रामवासी की मिलीभगत से रोजगार गारन्टी के पैसों का बंदरबाँट धड़ल्ले से की जा रही है जो आला अधिकारियों के लिए जाँच का विषय बन गया है।

### सेवा सुशासन गरीब कल्याण 11 वर्षों की उपलब्धि को सभा के माध्यम से ग्रामीण मंडल पश्चिम ने आमजन को बताया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम गठुला मे संकल्प से सिद्धि* तक प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हमारे देश ने 11 वर्षों में सेवा *सुशासन और गरीब कल्याण* के मार्ग में ऐतिहासिक प्रगति की है मोदी जी के मजबूत और निर्णायक नेतृत्व में भारत प्रत्येक चुनौती का



सामना किया है केंद्रीय नेतृत्व के आव्हान में जिला भाजपा राजनंदगांव के मंडल भाजपा ग्रामीण मंडल पश्चिम में सेवा सुशासन गरीब कल्याण का कार्यक्रम ग्राम गठुला में रखा गया जिसमें मुख्य वक्ता जिला महामंत्री रविंद्र वैष्णव, श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर अध्यक्ष जनपद पंचायत , अशोक देवांगन पूर्व सभापति जिला पंचायत ,श्रीमती देव कुमारी साहू सभापति जिला पंचायत , मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, जनपद सदस्यगण श्रीमती पुष्पा उईके ,श्रीमती पूर्णिमा साहू, श्रीमति खुशबू साहू, श्रीमति पुष्पा गायकवाड, राजेंद्र ठाकुर ,शक्ति केंद्र प्रभारी मोती देवांगन ,बलराम निर्मलकर, रमेश चंद्राकर, हेमलाल साहू, हेमदीप साहू ,मुकेश साहू, कृष्णा साहू,गुलाब वर्मा, अभिषेक चंद्राकर, छत्रपाल वर्मा, गोविंद वर्मा ,संतोष साहू, सुखी राम साहू, टूकेश्वर साहू, लाला देवांगन गौरव बोरकर भीष्म ,जीवन साहू, हिपेंद्र साहू,शाहिद बड़ी संख्या में क्षेत्र के कार्यकर्ता बूथ कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

# भाजपा के इशारे पर चल रही है केन्द्रीय एजेंसियां : कांग्रेस

## शहर व जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में मानव मंदिर चौक पर हुआ पुतला दहन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश की भाजपा सरकार राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से से काम करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जिला मुख्यालय, सुकमा स्थित राजीव भवन को अटैच किये जाने के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर शहर जिला व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा 14 जून को मानव मंदिर चौक पर भाजपा व ईडी का पुतला दहन किया गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भारतीय जनता पार्टी का अनुसांगिक संगठन की भांति कार्य करते हुए केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश की भाजपा सरकार की कठपुतली बनकर रही गई है। उनके इशारे पर ही सुकमा के राजीव भवन को अटैच किया गया है। जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में शनिवार 14 जून को जयस्तंभ चौक कांग्रेस भवन से रैली निकालकर मानव मंदिर चौक पर भाजपा व ईडी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि कांग्रेस को बदनाम करने की नियत से प्रदेश की भाजपा सरकार के इशारे पर सुकमा के राजीव भवन में छापेमार कार्यवाही कर परेशान किया जा रहा है। जिसका कांग्रेस पार्टी निंदा करती है। भाजपा सरकार राजनीति दुर्भावनावश यह कार्य किया जा रहा है। कांग्रेस इससे डरने वाले नहीं है और न्याय की लड़ाई के लिए हर संघर्ष स्वीकार करती है। केन्द्र की तानाशाह मोदी व प्रदेश की भाजपा सरकार जानबूझकर कांग्रेस नेताओं पर दबाव बनाने उन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसका हम कांग्रेसजन कड़ा विरोध करते है। पुतला दहन में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, पदम कोठारी, कमलजीत सिंह पिन्टू, शारदा तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, पीसीसी महासचिव थानेश्वर पाटिला, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, महामंत्री झम्मन देवांगन, नरेश शर्मा, नासिर जिंदरान, ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, अभिमन्यु मिश्रा, मनीष गौतम, मामराज अग्रवाल, मदन साहू, सुरेश सिन्हा, डा.राकेश कुमार, विशु अजमानी, मनीष साहू, ललित कुमरे, प्रतिमा बंजारे, चेतन सिन्हा, कामदेव वर्मा, खिलेश बंजारे, शमसुद्दीन सैफी, राजा यादव, सुरेन्द्र गजभिए, फरमान अली, जितेन्द्र सिन्हा, साग्रर ताम्रकार, संदीप सोनी, तौसिफ गोरी, रईस अहमद गोरी, शिवम चौधरी, प्रियेश मेश्राम, घासीराम सिन्हा, रूपेश साहू, परवेज अख्तर, गगन वैष्णव, शौर्य वैष्णव सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### वाहन की टक्कर के बाद वाहन कबाड़ की स्थिति में छोड़ देते है यातायात पलिस

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के महावीर / इमाम चौक में यातायात पुलिस का स्टॉ पर अज्ञात वाहन की टक्कर के बाद ऐसे छोड़ दिया गया है जैसे कभी वह काम आया ही ना हो। तिरछे स्टॉपर को एक



कोने में रखकर कबाड़ की स्थिति में छोड़ दिया गया है। यह तो खैर टक्कर के बाद की स्थिति है। ऐसे कई स्टॉपर शहर के अलग-अलग कोनों में आसानी से देखे जा सकते हैं, मजे की बात है कि यातायात पुलिस के जवानों को उनकी स्थिति दिख भी रही है, लेकिन न जाने कौन से अधिकारी या फिर किसी आकाशवाणी होने का इंतजार किया जा रहा है। यदि बिखरे हुए स्टॉपर को इकट्ठा कर यातायात शाखा लाया जाए और टूट फूट को संधारण कर उपयोग में लाया जाए तो वीवीआइपी ड्यूटी पर अन्य जिलों के स्टॉपर की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

**शुभांक**

**1-3-6**

**133-7 159-5**

**सूचना एवं/ उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण दरबारराम वर्मा एवं भारत वर्मा के बताये अनुसार पक्षकारगण दरबार वर्मा एवं भारत वर्मा दोनो निवासी कृषक ग्राम ठाकुरटोला तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव (छ0ग0) के पूर्वज स्वर्गीय ठाकुरराम के स्वामित्व एवं आधिपत्य की पैत्रिक सम्पतित ग्राम ठाकुरटोला में स्थित था उसकी मृत्यू के बाद उसके वारिसान मृत पुत्र, पौत्र, और प्रपौत्र के बीच कमशः बटवारा हुआ। इस बंटवारे में सभी को बराबर की कृषि भूमि प्राप्त हुआ। बटवारे के बाद अपने अपने हिस्से में शांति पूर्वक काबिज है। पूर्व में सभी बटवारे के बाद क्रमशः खसरा नमबर 565/2 रकबा 0.3360 हेक्टर एवं खसरा नम्बर 365/3 रकबा 0.3360 हेक्टर अमोली को प्राप्त हुआ उसके पुत्रो के बीच बंटवारा हुआ इस बंटवारे में उसके पुत्र प्रभुराम को प्राप्त हुआ तथा प्रभुराम के पुत्रो के बीच बंटवारे में दरबार को प्राप्त हुआ इसी तरह हिछांराम के आपसी बटवारे के बाद उसके पुत्र लखन भारत के बीच बंटवारे में लखन के भाई भारत को बंटावारे में खसरा नम्बर 478/3 रकबा 0. 2510 हेक्टर प्राप्त हुआ। उपरोक्त कृषि भूमि खसरा नम्बर 565/21,565/3 में त्रुटि वश लखन का नाम दर्ज हो गया है उक्त भूमि में दरबार एवं भारत शांति पूर्वक काबिज होकर कृषि कार्य करते आ रहें है मृत लखन की मृत्यू के बाद उसके वारिस दुग्धी बाई वगैरह द्वारा तहसीलदार लाल बहादुर नगर के समक्ष फौती नामांतरण के लिऐ आवेदन प्रस्तुत किये है इस प्रकरण में दरबार एवं भारत उक्त भूमि के त्रुटि सुधार के लिऐ आपत्ति पेश किये है मिथुन राजस्व अभिलेख में फौती नामांतरण के बाद विक्रय करने के प्रसास में है जिसकी जानकारी के अनुसार भारत के कब्जे की भूमि खसरा नम्बर 478/5 रकबा 0.2510 को ग्राम ठाकुरटोला के निवासी सोमनाथ वर्मा आ. महेश वर्मा को बिकी करने का पक्का सौदा कर रजिस्ट्री करने के प्रयास में है। अतः उक्त अनुसार सूचित कियाजाता है कि मिथुन के द्वारा उक्त भूमि को सोमनाथ को विक्रय कर उसके पक्ष में रजिस्ट्री करवाया जाता है तो वह अवैध रजिस्ट्री होगी इसी तरह उक्त भूमियों को किसी अन्य को विक्रय कर रजिस्ट्री करता है तो अवैध होगा उक्त भमि की रजिस्ट्री के आधार पर सभावित केता को कोई स्वतव अधिकार विधिवत् प्राप्त नहीं होता यदि उक्त भूमि के स्वामित्व एवं अधिकार को जानते हुऐ मिथुन द्वारा उक्त भुमियों को सोमनाथ व अन्य किसी के पक्ष में रजिस्ट्री करता है तो मेरा पक्षकार उनक विरूद्ध सक्षम न्यायालय में वाद संस्थित करेगा जिसके परिणाम हर्जे खर्चे क लिऐ मिथुन एवं संभावित केता दोनो व्यक्तिशः सयुंक्त रूप से जिम्मेदार रहेगें।

सो सूचना जाने।

मो.नं. 9425560443

भवदीय
आर. के. ठाकुर
अधिवक्ता डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202506092200012**

विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
रांका (प ह न. 00029),
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार - लालजी सिन्हा,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक लालजी सिन्हा आ. महेश गहेरू सिन्हा उम्र 56 वर्ष जाति क्लार निवासी ग्राम राका तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के द्वारा मोहनलाल आ. बंशीलाल जाति यादव निवासी ग्राम राका के हक व स्वामित्व की भूमि खसरा नम्बर 504/2, 505/2 रकबा 0.55ए./0.233हे. 0.87ए./0.353हे. भूमि को दिनांक 15.02.2000 को क्रय कर पंजीयन करवाया था तथा उक्त भूमि का नामांतरण भी किया गया है। जिसका नामांतरण क्रमांक 177 में दर्ज किया गया। आवेदक के नाम से उक्त भूमि का ख.न. 505/2 रकबा 0.87ए./0.353हे. भूमि ऑनलाईन में दिनांक 16.06.2016 मेरे नाम से दर्ज था जो कि वर्तमान में उक्त भूमि मेरे नाम से ऑनलाईन से विलोपित हो गया है। तथा उक्त भूमि का मूल नम्बर रामाधार पिता बंशीलाल जाति यादव विक्रेता के बड़े भाई के नाम से दिखा रहा है। अतः आवेदक द्वारा ख.न. 505/2 रकबा 0.87ए./0.353हे. भूमि को राजस्व अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 30.06.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/06/2025 को जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
डोंगरगढ़

## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में स्पेसटेक सेक्टर के लिए भारत का पहला बीमा किसने लॉन्च किया है?*
*2) किस देश में पहली बार सुअर की किडनी जीवित व्यक्ति में प्रत्यारोपित की गई है?*
*3) राजस्थान में रियासत काल में सेना के अग्रभाग को क्या कहा जाता था?*
*4) विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस कब मनाया जाता है?*
*5) हाल ही में चर्चा में रही नवयुग सुरंग कहाँ स्थित है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) टाटा एआईजी (2) अमेरिका (3) हरावल (4) 17 मई (5) जम्मू- कश्मीर

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 11 वर्ष के ऐतिहासिक कार्यकाल ने देश को समृद्धि और खुशहाली की ओर किया अग्रसर - केदार कश्यप

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ शासन के वन, सिंचाई एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 11 वर्ष का कार्यकाल अनेक मायनों में ऐतिहासिक रहा है। उनके दूरदर्शिता पूर्ण नेतृत्व में देश ने समावेशी विकास, समृद्धि और खुशहाली के नये दौर में कदम रखा है। मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार का हर दिन अंत्योदय की साधना को समर्पित रहा है। सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ समाज के सभी वर्ग विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उनके कार्यकाल में देश और दुनिया में भारत का गौरव बढ़ा है। छत्तीसगढ़ ने डबल इंजन की सरकार में चौतरफा विकास के नये आयाम गढ़े हैं। चाहे विकास की बात हो या माओवादी आतंक से निपटने की, केन्द्र सरकार का राज्य सरकार को भरपूर समर्थन और सहयोग मिला है।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनते ही किसान भाइयों से की गई मोदी जी की गारंटी भी साकार हुई।बकाया बोनस देने के साथ 3100 रुपए प्रति क्विंटल और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की गई है। पिछले साल छत्तीसगढ़ में रिकार्ड 149 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई। इन 11 सालों में देश में जो बड़ा बदलाव आया है, उससे छत्तीसगढ़ सहित देश के प्रत्येक नागरिक का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। पीएम आवास के जरिए गरीब परिवारों के घर का सपना पूरा हुआ। छत्तीसगढ़ में सरकार गठन के दूसरे दिन ही पहली कैबिनेट में 18 लाख पीएम आवास को मंजूरी देकर मोदी जी के वायदे को पूरा किया है। प्रदेश में 26 लाख से अधिक पीएम आवास मंजूर किए जा चुके हैं। इनमें से 15 लाख 38 हजार आवास बन चुके हैं।

केदार कश्यप ने कहा कि 5 लाख 62 हजार भूमिहीन किसानों को भी हर साल 10-10 हजार रुपए की राशि हमारी राज्य सरकार दे रही है। किसान भाइयों के खाते में अब तक एक लाख करोड़ रुपए की राशि प्रेषित कर चुके हैं। डेढ़ साल पहले विधानसभा चुनावों में मोदी जी ने महतारी वंदन योजना के रूप में हर महीने एक-एक हजार रुपए माताओं-बहनों को देने की गारंटी दी थी। हमने यह वादा तीसरे महीने ही पूरा कर दिया और करीब 70




लाख माताओं-बहनों को हर महीने यह राशि दे रहे हैं।श्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार ने मोदीजी की अधिकांश बड़ी गारंटियों को पूरा कर कीर्तिमान स्थापित किया है, निसंदेह इसका श्रेय भी मोदीजी को है, जिनकी गारंटी पर जनता ने भरोसा कर सेवा का अवसर दिया।

आंतरिक सुरक्षा की सबसे बड़ी चुनौती माओवादी आतंक के खात्मे का मोदी जी और अमित शाह जी का संकल्प भी सिद्ध हो रहा है। छत्तीसगढ़ में बीते डेढ़ साल में 425 माओवादियों को न्यूट्रलाइज किया गया है। 1388 माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं और 1443 को गिरफ्तार किया गया है। नक्सल विरोधी अभियान में हमारे जवानों ने बसवराजू और सुधाकर जैसे बड़े नक्सलियों को न्यूट्रलाइज कर माओवाद की रीढ़ तोड़ दी है। श्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने भारत मां के वीर सपूत धरती आबा भगवान बिरसामुण्डा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित कर जनजातीय अस्मिता को गौरवान्वित किया है। जनजातीय समाज के उत्थान के लिए मोदी सरकार द्वारा पीएम जनमन योजना प्रारंभ की गई। इस योजना से छत्तीसगढ़ के 18 जिलों के 2121 गांवों में विशेष पिछड़ी जनजाति के 2 हजार 160 बसाहटों में तेजी से बुनियादी सुविधाओं का विकास हो रहा है। पीएम जनमन योजना में 2449 किलोमीटर सड़क स्वीकृत की गई हैं। जनजातीय समाज उत्थान पर केन्द्रित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का सबसे अधिक लाभ छत्तीसगढ़ जैसे आदिवासी बाहुल्य राज्यों को मिल रहा है। राज्य के 32 जिलों में 6 हजार 691 जनजातीय ग्रामों को लाभान्वित किया जा रहा है। विधायक केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का अब तक का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के अनुष्ठान की तरह है। गरीब, किसान, पिछड़े, दलित और आदिवासियों का कल्याण उनकी पहली प्राथमिकता है। उज्जवला योजना के तहत छत्तीसगढ़ में 36 लाख 76 हजार बहनों को गैस कनेक्शन मिला है। प्रधानमंत्री जी ने गरीब कल्याण योजना के माध्यम से गरीबी रेखा के लोगों के लिए अगले पांच वर्षों तक नि:शुल्क खाद्यान्न योजना शुरू की है। प्रदेश में भी 71 लाख से अधिक परिवारों को इसका लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी किसानों की आमदनी दुगुनी करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। छोटे और सीमांत किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत हर साल छह हजार रुपए की राशि दी जा रही है। छत्तीसगढ़ में 26 लाख किसान भाइयों को इस योजना का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के रूप में किसानों को सुरक्षा कवर प्रदान किया। हमने तेंदूपत्ता संग्राहकों का संग्रहण पारिश्रमिक 4 हजार से बढ़ाकर साढ़े पांच हजार रुपए कर दिया। इस तरह मोदी जी की एक और गारंटी को हमने पूरा किया। हर घर स्वच्छ जल पहुंचाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी के विजन पर आधारित जल जीवन मिशन के लिए अब तक छत्तीसगढ़ को केन्द्र से 6,178.33 करोड़ रूपए मिले हैं। श्री कश्यप ने कहा कि हमने भ्रष्टाचार के रास्ते बंद करने का काम किया है। कोयले के परिवहन की परमिट व्यवस्था को ऑनलाईन कर दिया है। इससे कोयला परिवहन में होने वाली धांधली रूकेगी तथा राजस्व का नुकसान कम होगा। आबकारी विभाग से जुड़ी लाइसेंस प्रक्रियाओं को ऑनलाईन किया है। प्रदेश में जेम पोर्टल के जरिए ही सरकारी विभागों में खरीददारी का नियम अनिवार्य रूप से लागू किया गया है। मोदी जी ने छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों के पूर्व युवाओं से पीएससी घोटाले के आरोपियों पर कार्रवाई का वायदा किया था। हम इस घोटाले की सीबीआई जांच कराकर इस परीक्षा को पारदर्शी बनाने के लिए कई कदम उठा रहे हैं। श्री कश्यप ने कहा कि हमने नई औद्योगिक नीति लागू की है। इनवेस्ट कनेक्ट के जरिए छत्तीसगढ़ में अब तक साढ़े पांच लाख करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। हमने सुशासन के मंत्र पर आगे बढ़ते हुए सुशासन एवं अभिसरण विभाग गठित किया है। यह विभाग दूसरे विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाने का काम कर रहा है। आज छत्तीसगढ़ में किसी उद्योगपति या व्यवसायी को कोई कारोबार शुरू करना हो तो उसे अलग-अलग सरकारी विभागों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 इसका एक बेहतरीन उदाहरण है। नई औद्योगिक नीति में कोर सेक्टर के साथ ही आईटी, सर्विस और टूरिज्म पर खास ध्यान दे रहे हैं। प्रदेश का पहला सेमीकंडक्टर प्लांट नवा रायपुर अटल नगर में 1100 करोड़ रूपए की लागत से बन रहा है। देश का पहला एआई डाटा सेंटर पार्क स्थापित कर रहे हैं। अंबिकापुर, बिलासपुर और जगदलपुर एयरपोर्ट में एयर कनेक्टिविटी की सुविधा बढ़ी है। श्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने चौतरफा प्रगति की नयी कहानी लिखी है। ऐसी-ऐसी उपलब्धि हासिल की गयी है जिसकी इससे पहले कल्पना भी नहीं थी। श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण, अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी किया जाना आदि दर्जनों उपलब्धियों का वर्णन इतिहास करेगा। अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन हो या कोराना काल में वैक्सीन, मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने वसुधैव कुटुंबकम के मंत्र को सफल बनाया है। मोदी सरकार के निर्णयों से भारत की दुनिया में साख और धाक दोनों बढ़ी है। आज का भारत पहले किसी को छेड़ता नहीं है, लेकिन बेवजह छेड़ने वालों को छोड़ता भी नहीं है। यह सब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मजबूत नेतृत्व की वजह से संभव हुआ है। सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया आतंकवाद के खिलाफ भारत के संकल्प को देख चुकी है।

## समाज के प्रति अपने दायित्वों निर्वहन करते हुए सभी करें पौधरोपण : कलेक्टर

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पौधरोपण के संबंध में चेम्बर ऑफ कामर्स, स्वयं सेवी



संस्थाओं एवं समाजसेवी संस्थाओं की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत बारिश के मौसम में सघन पौधरोपण किया जाना है। समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझते हुए हम सभी को पौधरोपण करना है। पौधरोपण का यह कार्य स्वैच्छिक है, लेकिन अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए इस कार्य में सभी की सहभागिता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी स्वयंसेवी संस्थाएं पौधरोपण के लिए रोड के किनारे स्थान का चिंहाकन करे। शासकीय भूमि पर फेंसिंग कराते हुए पौधरोपण का कार्य करें। इस अभियान के तहत एक दुकान एक पेड़ या एक व्यक्ति एक पेड़ अभियान के अंतर्गत पौधे लगा सकते है। उन्होंने कहा कि शहर में 22 गार्डन एवं 53 तालाब है। यहां पौधरोपण करने से पौधों का संरक्षण, संधारण एवं देखभाल अच्छी तरह हो सकेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गौशाला एवं चारागाह में पौधरोपण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पौधों की सुरक्षा के लिए बाऊंड्रीवाल एवं फेंसिंग जरूरी है। पौधरोपण करते समय पौधों की सुरक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है। कलेक्टर ने कहा कि बारिश के मौसम में जल संरक्षण की दिशा में निरंतर प्रयास करना है। इसके लिए आधुनिक तरीकों का उपयोग करते हुए बोरवेल रिचार्ज साफ्टसैंट फिल्टर तथा पर्कोलेशन टैंक में इंजेक्शन वैल के निर्माण से भू-जल के स्तर में वृद्धि का उपयोग करना है। नये तकनीक को अपनाकर भू-जल रिचार्ज करने के कार्य में गति लाने की आवश्यकता है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर तरीके से पौधरोपण करना है। ऐसे क्षेत्रों में फलदार पौधों का रोपण किया जाना है। सार्वजनिक स्थानों पर भी पौधरोपण करना है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विगत वर्ष फलदार पौधरोपण किए जाने से ग्राम पंचायतों को आमदनी हो रही है। इस अवसर पर चेम्बर ऑफकामर्स के श्री कमलेश बैद, श्री आलोक बिंदल, श्री योगेश खत्री उदयाचल से श्री अशोक मोदी, सृजन समाजिक संस्था, गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ, चक्रधर कल्याण केन्द्र, लोक शक्ति समाज सेवी संस्था डोंगरगांव, अभिलाषा संस्था राजनांदगांव, विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी, साईट सेलर्स, साईट सेवर्स, द क्रिश्चयन फेलोशिप, जनकल्याण समाजिक संस्था, शिवेन्द्र सहयोग जनकल्याण संस्था, समता जनकल्याण समिति, माँ बम्लेश्वरी समिति, संस्कारधानी सेवा संस्थान सहित अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं, समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

## ई-रिक्शा में छूटा यात्री का सामान, यातायात पुलिस द्वारा यूनिक नंबर के माध्यम से ई-रिक्शा का पहचान कर सामान सुरक्षित दिलाया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आज दिनांक 12.06.2025 को भारती बघेल पति रोशन लाल बघेल निवासी पुरानी बस्ती कोहका भिलाई वार्ड नं. 19 जिला दुर्ग का ई-रिक्शा में सामान छूट जाने से प्रार्थिया द्वारा यातायात शाखा आकर बतायी कि लाल कलर का ई-रिक्शा जिसके पीछे में देवांगन एवं 59 नंबर, पूरा नंबर याद नही है, लिखा हुआ है, अपना पर्स भूल गई हूँ जिसमें कीमती सामान रखा हुआ है, बताने पर सउनि शरद मसीह प्र.आर. 464 बीरबल सिंह आरक्षक 1385 रूपेन्द्र वर्मा के द्वारा तत्काल पता तलाश हेतु रवाना होकर आजाद चौक के पास प्रार्थिया द्वारा बताये कलर एवं पीछे में देवांगन जी लिखा हुआ था, जिसमें यातायात शाखा से प्रदाय यूनिक नंबर 659 लिखा हुआ था। ई-रिक्शा चालक से पूछताछ करने पर ई-रिक्शा में यात्री का पर्स छूटना बताया, जिसे यातायात कार्यालय लाकर प्रार्थिया को पूछने पर पर्स अपना होना एवं पूरा सामान चेक करने पर सुरक्षित होना बताई। जिसे प्रार्थिया को सुपुर्द किया गया। आम लोगों से अपील है कि जिस टेम्पो, आटो, ई-रिक्शा वाहन में यात्रा कर रहे है उसका यूनिक नंबर क्या है एवं यूनिक नंबर देखकर ही टेम्पो, आटो एवं ई-रिक्शा में यात्रा करें। साथ ही सभी टेम्पो, आटो एवं ई-रिक्शा चालक सवारी बिठाने के पहले यात्रियों को अपने यूनिक नंबर से अवगत कराने पश्चात ही सवारी बिठाये। यात्रियों द्वारा अपना कीमती सामान वाहन में भूलने पर यूनिक नंबर के माध्यम से उस वाहन का सम्पूर्ण जानकारी यातायात कार्यालय से ली जा सकती है।



## मोहड़ गोली कांड में भाजपा की चुप्पी से भाजपाई साठ-गांठ प्रमाणित - कांग्रेस





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे एवं उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव शहर के अध्यक्ष आसिफ अली ने नगर निगम क्षेत्र के वार्ड मोहड़ में अवैध रेत खनन के मामले में गोली चलाये जाने की घटना से प्रदेश एवं जिले की जहां कानून व्यवस्था की बदहाली उजागर हुई है वही इस गंभीर मामले में सत्ताधारी दल भाजपा की चुप्पी इस बात को संकेत देती है, कि इस गोरख धंधे में भाजपा के लोग सीधे तौर पर संलिप्त है और भाजपाई साठ-गांठ भी प्रमाणित होने की बात कही है।

ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली एवं प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने सीधे तौर पर इस मामले में भाजपाईयों की संलिप्तता बताते हुए कहा कि डॉ. रमन सिंह के निर्वाचन मुख्यालय के वार्ड मोहड़ में इस प्रकार की अपराधिक कृत्य करने का साहस बिना सत्ताधारी दल के समर्थन दल के नहीं हो सकता आज इस मामले को 3 दिन होने के बाद भी एक भी भाजपा के नेता या भाजपा के निर्वाचित जनप्रतिनिधि इस मामले पर चुप्पी साधे बैठे है इससे यह भी साबित हो रहा है कि शहर या जिले में कितने भी अपराधिक घटनांए घट जाएं इनको इससे कोई मतलब नही है इसके पूर्व डोंगरगढ़ क्षेत्र में अवैध शराब नकली होलोग्राम के मामले में भी भाजपा के नेताओं ने चुप्पी साध रखी थी। दोनों कांग्रेस नेताओं ने अपराध की धाराओं पर भी प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा कि माइनिंग एक्ट की धारा लगाने में भी कोताही बरती गई है वही पर्यावरण को भी क्षति पहुंचाने का कृत्य इस घटना में संलिप्तों ने की है साथ ही साथ घटनास्थल पर जो वाहन थे उन वाहनों को तत्काल राजसात की कार्यवाही करते हुए संलिप्तों की संपत्ति को भी अटैच करने की कार्यवाही सरकार को करनी चाहिये और जितने भी प्रकरण में आरोपी बने है या बनेंगे उनके संपूर्ण कॉल डिटेल की जानकारी को सार्वजनिक करने का काम प्रशासन को करना चाहिए क्योंकि जिस पार्षद को भाजपा अपना बताने से पल्ला झाड़ रही है वह चाहे निगम अध्यक्ष निर्वाचन हो या शहर के सभी भाजपाई आयोजनों में बढ़-चढक़र भाग लिया है और उसको भाजपाई संरक्षण प्राप्त होने के कारण ही राजनांदगांव के जीवनदायिनी शिवनाथ नदी से रेत खदान न होने के बाद भी अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण की साजिश रची गई और ग्रामीणों के विरोध चलते उन पर गोली बरसाने का कार्य कर अपने अपराधिक मनसूबों को अमलीजामा पहनाया।

## धर्म समाचार....

# गुप्त नवरात्र के पहले दिन करें मां शैलपुत्री की आराधना, नोट कीजिए पूजा का तरीका

गुप्त नवरात्र आषाढ़ माह में 26 जून से शुरू हो रहे हैं। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। मां शैलपुत्री जिनका स्वरूप शांत और दयावान है पहले दिन पूजी जाती हैं। उनकी आराधना से साधक को कष्टों से मुक्ति मिलती है।

गुप्त नवरात्र माघ और आषाढ़ माह में मनाए जाते हैं। इस साल अषाढ़ के गुप्त नवरात्र 26 जून से शुरू हो रहे हैं। नवरात्र के 9 दिन मां के नौ रूपों की पूजा की जाती है। मान्यता है कि जो भी भक्ति भाव से मां की नौ दिनों तक आराधना करता है, उस पर मां अपनी कृपा बरसती हैं। देवी दुर्गा ने 9 अलग-अलग अवतार लेकर राक्षसों का अंत किया था। नवरात्र के इन नौ दिनों में भक्त इन्हीं नौ रूपों का पूजन करते हैं। इन नौ दिनों में अखंड ज्योति जलाकर मां का ध्यान और आराधना करने से समस्त दुखों का नाश होता है। साधक को सुख और समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। गुप्त नवरात्र में साधक गुप्त रूप से मां के स्वरूपों की पूजा करते हैं और नौ दिन साधना करते हैं।

**शांत और दयावान हैं मां शैलपुत्री**

नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के




शैलपुत्री स्वरूप की पूजा की जाती है। उनका स्वरूप बहुत शांत, सरल और दया से परिपूर्ण है। अपने दिव्य रूप में वह दाएं हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का फूल लिए हुए वृषभ पर सवार हैं। इसीलिए उन्हें वृषभारूढ़ा भी कहा जाता है।

मां शैलपुत्री ने घोर तपस्या करके समस्त जीवों की रक्षा की थी। नवरात्रि के पहले दिन का व्रत और पूजा करने से कष्टों से मुक्ति मिलती है। मां शैलपुत्री की साधना से मूलाधार चक्र जागृत होता है, जो हमारे शरीर में ऊर्जा का केंद्र है। इस चक्र के जाग्रत होने से साधक को स्थिरता, सुरक्षा और मानसिक शांति मिलती है। साथ ही जीवन में सकारात्मक और समृद्धि आती है।

**सफेद रंग है मां को प्रिय**

मां शैलपुत्री को सफेद रंग बहुत प्रिय है, जो शांति और पवित्रता का भी प्रतीक है। इसीलिए मां शैलपुत्री की पूजा में सफेद रंग की सामग्री, फूल और मिठाई चढ़ाई जाती है। मां शैलपुत्री की पूजा से कन्याओं को अच्छा वर मिलता है। घर में समृद्धि आती है और धन-धान्य की कमी नहीं रहती।

**मां शैलपुत्री मंत्र का करें जाप**

मंदिर को साफ और स्वच्छ करने के बाद अखंड ज्योति जलाकर शुभ मुहूर्त में घट स्थापना करे। इसके बाद एक चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर मां शैलपुत्री या मां दुर्गा के चित्र को उस पर रखें। प्रथम पूज्य भगवान गणेश का आह्वान करें और फिर मां शैलपुत्री का आह्वान करें। मां को अक्षत, सिंदूर, धूप, गंध, पुष्प, मिठाई, दक्षिणा चढ़ाएं। इसके बाद मां के मंत्रों का जाप करें। ऊं ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे ? शैलपुत्री देव्यै नम:। इसके बाद घी का दीपक जलाकर मां की आरती करें।

## सत्य और जीवन के खास उद्देश्य की खोज में रहते हैं धनु लग्न वाले जातक

धनु लग्न के जातक जिन्हें बृहस्पति देव द्वारा शासित किया जाता है और जिनका प्रतीक धनुषधारी होता है स्वभाव से ज्ञान और रोमांच के खोजी होते हैं। इनका आशावादी ऊर्जावान और दार्शनिक दृष्टिकोण इन्हें जीवन में नए क्षितिजों की ओर अग्रसर करता है। आइए ऐस्ट्रॉलजर आनंद सागर पाठक से जानते हैं कि धनु लग्न के लोगों की पर्सनालिटी के बारे में।




आनंद सागर पाठक, एस्ट्रोपत्री। यह अग्नि तत्व की राशि बृहस्पति ग्रह द्वारा शासित होती है। हिंदी में इसे धनु कहा जाता है। धनु राशि का प्रतीक एक अर्द्ध अश्व, अर्द्ध मानव है, जो हाथ में धनुष धारण किए हुए होता है और तीर जिस दिशा में इशारा करता है, यह उसी दिशा में चल पड़ता है। यह प्रतीक दर्शाता है कि धनु जातक सदा ज्ञान, सत्य और जीवन के उच्च उद्देश्य की खोज में रहते हैं। यह भविष्यवाणियां आपके लग्न पर आधारित हैं, जिसे हिंदी में लग्न कहा जाता है। यदि आपकी सूर्य राशि धनु है, या आपकी चंद्र राशि धनु है,तो ऐसे में आइए जानते हैं कि धनु लग्न के जातक प्रेम, करियर, स्वास्थ्य और वित्तीय जीवन में कैसे आगे बढ़ते हैं। धनु राशि के जातक साहसी, रचनात्मक और ऊर्जा से भरपूर होते हैं। इन्हें यात्रा करना, नई जगहों को खोजना, नई बातों को जानना और नए लोगों से मिलना बेहद पसंद होता है। ये आदर्शवादी, उदार और हंसमुख स्वभाव के होते हैं। यदि इनकी जीवनशैली एकरस या नीरस हो जाए, तो ये बेचैन हो जाते हैं। इन्हें हमेशा विकल्प चाहिए होते हैं। इनकी मित्रमंडली बड़ी होती है और ये अपने दोस्तों से भी सवाल पूछने व तर्क करने की उम्मीद रखते हैं। ये अत्यंत बुद्धिमान होते हैं और अपने जैसे बुद्धिमान लोगों के साथ समय बिताना पसंद करते हैं। धनु राशि के लोग बहुत ही रचनात्मक और आध्यात्मिक प्रवृत्ति के होते हैं। लेकिन इनकी आध्यात्मिकता पारंपरिक सोच से अलग होती है। ये आत्मज्ञान की खोज में हिमालय जैसी जगहों की यात्रा कर सकते हैं। ये सच में च्साधकज् होते हैं।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दें शिक्षक : कलेक्टर

## कलेक्टर ने आगामी शैक्षणिक सत्र के दृष्टिगत सभी स्कूलों के प्राचार्यों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली, टीम भावना के साथ कार्य करने पर मिलेंगे बेहतरीन परिणाम



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव में आगामी शैक्षणिक सत्र के दृष्टिगत सभी स्कूलों के प्राचार्यों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि जिले में शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए विशेष तौर पर कार्य करने की आवश्यकता है। बच्चों के परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने के लिए शैक्षणिक अध्ययन के लिए जो मापदण्ड उपलब्ध हैं, उसके आधार पर कार्य करते हुए आगे बढ़े। शिक्षा के क्षेत्र में सबसे ज्यादा नवाचार किए गए है। जिले में भी बहुत से नवाचार किए गए है। उन्होंने कहा कि सभी प्रचार्य कैप्टन है और सभी शिक्षक खिलाड़ी की तरह है। सभी मिलकर टीम भावना के साथ सभी कार्य करेंगे, तो इसके बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए अपनी टीम, विशेषज्ञों एवं फाउंडेशन का सहयोग लेते हुए अपना सर्वेश्रेष्ठ दें। उन्होंने कहा कि बच्चों के परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने के लिए रणनीति बनाएं एवं उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्य करें। बच्चों के पढ़ाई के स्तर का आंकलन करें तथा उसके अनुसार तैयारी कराएं। उन्होंने कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं में अध्ययनरत बच्चों पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा युक्तियुक्तकरण किए जाने के बाद ऐसे स्कूल जहां शिक्षकों की कमी है, वहां वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। स्कूलों में मासिक टेस्ट एवं साप्ताहिक टेस्ट का आयोजन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चे जब अभ्यास करते हैं, तो इससे समझ बढ़ती है एवं परिणामों में सुधार की गुंजाईश बढ़ती है। इसके लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि विनोबा एप के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता एवं शिक्षकों की उपस्थिति की मानिटरिंग सिस्टम के लिए व्यवस्था की गई है। जिसमें शाला त्यागी अप्रवेशी बच्चों को स्कूल से जोडने्, लर्निंग आऊटकम को बेहतर करने के टूल्स, विद्यार्थी विकास सूचकांक एवं बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों को बेहतर करने तथा विभिन्न छात्रवृत्ति परीक्षाओं में बच्चों को स्कूलों को सपोर्ट करने के प्रोग्राम्स भी शामिल है।

**16 जून से स्कूल प्रारंभ, शाला प्रवेशोत्सव का होगा आयोजन**

**सफाई, मरम्मत, रंग-रोगन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश- विनोबा एप के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता एवं शिक्षकों की उपस्थिति की मानिटरिंग सिस्टम के लिए की गई व्यवस्था**

कलेक्टर ने कहा कि 16 जून से स्कूल प्रारंभ हो रहे है। इसके पहले सभी प्राचार्य स्कूलों की साफ-सफाई, मरम्मत, रंग-रोगन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। 16 जून को शाला प्रवेशोत्सव सभी की सहभागिता होना चाहिए। बच्चों के अभिभावकों के साथ संवाद रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि आने वाला शैक्षणिक सत्र अच्छा होना चाहिए। बच्चों के अच्छे परिणाम के लिए सभी प्राचार्य एवं शिक्षक स्कूल प्रतिबद्धता एवं निष्ठापूर्वक कार्य करेंगे। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि विनोबा एप के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं के अच्छे परिणाम के लिए सभी को ज्यादा ध्यान देते हुए कार्य करना है। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों की भाषा सीखने की योग्यता को बढ़ाना है। जिले में संपर्क डिवाईस के माध्यम से इसके लिए अच्छा कार्य किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल



ने कहा कि जिले में 16 जून को शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम वृहद रूप से मनाया जाएगा। अच्छे माहौल में अध्ययन-अध्यापन को प्रेरित करने के लिए यह उत्सव मनाया जा रहा है। सभी शिक्षक शाला प्रवेशोत्सव की पूरी तैयारी करें तथा समय सारणी तथा डेली डायरी बनाएं। इस अवसर पर डिविजनल मैनेजर विनोबा एप श्री जितेंद्र सिंह, प्रोग्राम मैनेजर गरियाबंद एवं राजनांदगांव श्री हेमंत सिंह प्रोग्राम मैनेजर ओपन लिंक फाउंडेशन रायपुर श्री राजेन्द्र विश्वकर्मा, जिला मिशन समन्वयक श्री सतीश ब्योहरे, सहायक संचालक शिक्षा श्री आदित्य खरे, सहायक संचालक शिक्षा श्रीमती संगीता राव, एपीसी समग्र शिक्षा श्री मनोज मरकाम सहित प्राचार्य, संकुल समन्वयक, विकासखंड के शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्रोत समन्वयक, सहायक कार्यक्रम समन्वयक समग्र शिक्षा उपस्थित थे।

## कबीर प्राकट्य महोत्सव का आयोजन 15 को

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्थानीय वार्ड क्रं. 01 बजरंगपुर नवांगाँव में नगर इकाई साहू समाज एवं वार्डवासियों द्वारा 15 जून रविवार को कबीर प्राकट्य महोत्सव का आयोजन कर्मा सामुदायिक भवन में रखा गया है। कार्यक्रम सुबह 11 बजे सत्संग एवं दिव्य प्रवचन महात्मा लेखचंद साहेब ज्योति कुंज मुरमुंदा कुम्हारी रायपुर के साथ आरंभ होगा। दोपहर 2 बजे अतिथि स्वागत एवं भवन का भूमिपूजन होगा एवं दोपहर 3 बजे प्रसादी भोजन एवं चैका आरती का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलासाहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू, विशेष अतिथि के रूप में निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, नीलमणी साहू महामंत्री, कुलेश्वर साहू नगर अध्यक्ष, अंजू साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ राजनांदगाँव एवं सावन वर्मा पार्षद वार्ड क्रं. 02 होंगे।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** कबीरधाम पुलिस ने विवाह का झांसा देकर एक युवती का यौन शोषण करने वाले आरोपी सूरज ठाकुर (उम्र 28 साल, साकिन ठाकुर पारा कवर्धा, थाना कवर्धा, जिला कबीरधाम) को विधिपूर्वक गिरफ्तार किया है आरोपी के विरुद्ध महिला थाना कबीरधाम में अपराध क्रमांक 33/2025 (धारा 69 बीएनएस, 376, 376(2)(एन), 313 भादवि) दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपी ने युवती के साथ अलग-अलग स्थान पर, विवाह का विश्वास दिलाकर शोषण किया ।



साथ ही उसने एक अन्य लड़की से सगाई भी किया, पर यह जानकारी छिपाकर पीड़िता का शोषण किया । पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया, घटना स्थल का निरीक्षण किया, साथ ही पीड़िता व आरोपी का शरीरिक परीक्षण भी किया । आरोप सही पाए जाने पर पुलिस ने सूरज ठाकुर को दिनांक 13.06.2025 के 20:20 बजे गिरफ्तार किया । पुलिस ने माननीय न्यायालय से आरोपी का न्यायिक रिमाण्ड दिनांक 27.06.2025 तक प्रदान किए जाने का आवेदन किया है । कबीरधाम पुलिस महिलाओं की सुरक्षा व उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सतत् प्रयासरत् है ।

सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092

# डीजीपी अरुण देव गौतम का आकस्मिक निरीक्षण बेहतर पुलिसिंग और नक्सल उन्मूलन पर दिया जोर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक श्री अरुण देव गौतम ने आज राजनांदगांव का आकस्मिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, पुलिसिंग की गुणवत्ता तथा नक्सल उन्मूलन रणनीति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्हें पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।डीजीपी के आगमन पर पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज श्री अभिषेक शांडिल्य, राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एसपी श्री लक्ष्य शर्मा, मानपुर-मोहला-आमाबेड़ा अंचल एसपी श्री यशपाल सिंह तथा पीटीएस एसपी श्री गजेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।



**पुलिस अधीक्षक कार्यालय में समीक्षा बैठक**

निरीक्षण के उपरांत श्री गौतम ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तीनों जिलों के राजपत्रित अधिकारियों की बैठक लेकर कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और बेसिक पुलिसिंग को लेकर विस्तार से समीक्षा की।उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायतों का त्वरित निवारण हो, थाना स्तर पर जनसंपर्क और महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित हों, संवेदनशीलता, तत्परता और ईमानदारी से पुलिस अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे। डीजीपी ने सीएसपी और एसडीओपी को अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर अपराधों की निगरानी सघन करने को कहा।

**नक्सल मोर्चे पर सख्त निर्देश**

डीजीपी श्री गौतम ने नक्सल उन्मूलन को लेकर चारों जिलों के बीच समन्वय स्थापित कर रणनीतिक और सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संयुक्त रणनीति से ही नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार संभव है।

**महिला आरक्षकों से मुलाकात और वृक्षारोपण**

समीक्षा बैठक के पश्चात डीजीपी ने पुलिस प्रशिक्षण स्कूल (पीटीएस) राजनांदगांव का दौरा किया और प्रशिक्षणरत महिला आरक्षकों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने पीटीएस परिसर और पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर तीनों जिलों के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपीऔरअन्यअधिकारीगण उपस्थित थे।

## विश्व रक्दाता दिवस पर आशीष सोरी हुए सम्मानित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेण्ड्री, राजनांदगाँव द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में नगर के युवा समाजसेवी और रक्तदाता आशीष सोरी को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। 14 जून को पूरे विश्व में रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। आशीष समय - समय पर रक्तदान कर जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाने में लगे हुए हैं और विगत 7 वर्षों से लगातार रक्तदान करने युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। रक्तदान शिविरों में भी बढ़चढ़ कर अपनी भूमिका निभाते रहें हैं साथ ही स्थानीय मेडिकल कॉलेज स्थित बल्ड बैंक में रक्तदाता उपलब्ध कराकर जरूरतमंद रोगियों को रक्त उपलब्ध कराने तत्पर रहते हैं। स्थानीय गौरव पथ पर स्थित स्व. श्री गोविंद सिंह निर्मलकार ऑडिटोरियम बल्ड सेंटर (पैथोलॉजी विभाग) के तत्वाधान में आयोजित संस्था सम्मान समारोह एवं रक्त दान शिविर में कलेक्टर श्री सर्वेश्वर भूरे के द्वारा सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्राध्यापक शास. दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव श्री हरजीत सिंह भाटिया, समाजसेवी श्री गुरुमुख सिंह वाधवा, स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेण्ड्री के अधिष्ठाता डॉ. पंकज मधुकर लुका, संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ. अतुल मनोहर राव देशकर, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी विभाग डॉ. प्रतिमा कुजूर सहित, शहर की सेवाभावी संस्थाएं, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में चिकित्सा महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



# विद्युत विभाग का कारनामा। किसानों को पता ही नहीं काट डाले दर्जन भर पेड़



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत पंप कनेक्शन के लिए नई लाइन बिछाने के कार्य में विद्युत विभाग ने जबरन बिना किसी पूछताछ के दर्जनों पेड़ काट डाले। मामला इस प्रकार है कि कल्याणपुर खार के अंतर्गत चिद्दो गेट के पास 6 पंप कनेक्शन देने के लिए विद्युत विभाग को आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें किसानों को लेकर विभाग ने सर्वे कराया। सर्वे करते समय या पेड़ काटने से पहले जिन किसानों के खेत से पेड़ काटे जा रहे हैं उनसे अनुमति लेना तो दूर उन्हें जानकारी तक नहीं दी गई और विद्युत लाइन बिछाने के नाम पर हरे भरे पेड़ काट दिए गए। मजे की बात तो यह है कि विद्युत लाइन जहां से जा रही है उसके 20 फीट दूर तक के पेड़ काटकर धराशाई कर दिये गए। आज पर्यावरण के नाम पर शासन द्वारा लंबे चौड़े कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम योजना भी प्रारंभ की है किंतु विभाग के आक्रमण्य अधिकारी जानबूझकर पेड़ काटने में लगे हैं कृषक देवेंद्र साखरे ने बताया कि चिद्दो गेट के पास उनके तीन एकड़ खेत से विद्युत लाइन ले जाई जा रही है महीनों से चल रही इस कार्रवाई में उन्हें एक बार भी सूचना तक नहीं दी गई। उनसे अनुमति लेना तो दूर विभाग के अधिकारियों ने उन्हें यह भी जानकारी नहीं दी कि लाइन खींचने के लिए उनके पेड़ बीच में आ रहे हैं और उन्हें काटना पड़ेगा। बिना पूछे बिना किसी जानकारी के हरे भरे पेड़ धराशाई कर दिए गए। हैरानी तो तब हुई जब कटे हुए पेड़ के 20 फीट दूर से विद्युत लाइन के लिए खंबे खड़े किए गए। अब सैकड़ो वर्षों पुराने इन हरे भरे पेड़ों को विद्युत विभाग कैसे पुनर्जीवित करेगा। क्योंकि कोई भी व्यक्ति इन पेड़ों को वापस नहीं ला सकता । पर्यावरण को सीधा-सीधा नुकसान पहुंचा रहे इन अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस श्री साखरे ने दिया है समय रहते संतुष्ट जवाब नहीं मिला तो वे कानूनी कार्रवाई करने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग के अधिकारियों की होगी।

**गोलमोल जवाब दे रहे अधिकारी-** विद्युत मंडल के अछोली स्थित ग्रामीण जूनियर इंजीनियर अनुराग ने बताया कि उन्हें भी इसकी जानकारी नहीं थी उनके विभाग में राजनांदगांव में प्रोजेक्ट के नाम से एक अतिरिक्त कार्यालय है ग्रामीणों द्वारा प्राप्त के पंप आवेदन उन्हें दिए जाते हैं सर्वे होता है सर्वे में आवेदक किसान साथ में रहते हैं कहां से लाइन जाना है कितने पेड़ कटेंगे की जानकारी आवेदक किसानों को रहती है और सर्वे विभाग के कर्मचारियों को भी इसकी जानकारी होती है किंतु जिन किसानों के पेड़ काटना है उन्हें सर्वे विभाग ने कोई जानकारी नहीं दी जब प्रोजेक्ट मैनेजर के साथ-साथ ठेकेदार तथा विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारियों से संपर्क किया गया तो वे गोल-गोल जवाब देते नजर आए। अंत में सुपरवाइजर ने अपनी गलती स्वीकारी और माफी मांगने लग गए। इस तरह की कार्रवाई से कृषक आहत हैं वे पर्यावरण प्रेमी है तथा सैकड़ो वर्ष पुराने इन पेड़ों की



अंधाधुंध कटाई से उन्हें गहरा आघात लगा है स्पष्ट है कि विभाग के अधिकारी तानाशाही कार्रवाई कर रहे हैं किसी से पूछे बगैर किसी को जानकारी दिए बगैर इस तरह पर्यावरण को नुकसान करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

मामला मेरे संज्ञान में नहीं आया है शिकायत आने पर जांच करवाकर निश्चित रूप से दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।
**मनोज मरकाम अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़**

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com